दिनांक 24 मई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर नीरज पाल ने ली वैशाली नगर जोन के अधिकारियों की बैठक, स्वास्थ्य, पेयजल एवं विकास कार्यों पर शीघ्रता से कार्य करने के दिए निर्देश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने आज स्वास्थ्य , पेयजल एवं विभिन्न विकास कार्यो को लेकर वैशाली नगर के जोन के अधिकारियों की बैठक ली। इससे पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के बारे में समीक्षा की। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जनता को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार से विलंब न करें , जनहित के कार्यो को प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी खुद कार्यो की मॉनिटरिंग कर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराए। वैशाली नगर जोन में स्वीकृति प्राप्त प्रगतिरत कार्य , अप्रारंभ कार्यो की समीक्षा बैठक लिए जिसमें जोन आयुक्त, सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओ से हर कार्य को लेकर महापौर श्री पाल ने सीधे सवाल करते हुए निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी मांगी। मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा किए गए व शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। भिलाई निगम क्षेत्र में विकास कार्यो की स्थिति को लेकर बैठक लिए जिसमें उन्होंने लक्ष्य लेकर काम करने कहा। जोन 02 क्षेत्र में चल रहे प्रमुख कार्यों पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों से सभी कार्यों की अद्यतन जानकारी मांगी। उन्होंने स्कूल , शौचालय, आंगनबाड़ी जैसे जनसुविधा वाले कार्यो को तयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में एमआईसी सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर , अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी , जोन आयुक्त पूजा पिल्ले , प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, प्रभारी सहायक अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम आदि मौजूद रहे।